Title: Regarding agenda of National Democratic Alliance.

प्रधानमंत्री (श्री अटल बिहारी वाजपेयी): अध्यक्ष जी, कल सदन में अयोध्या प्रकरण के बारे में चर्चा हुई। उस समय मैंने कहा था कि उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री श्री रामप्रकाश गुप्त जी के जिस वक्तव्य को लेकर विवाद हो रहा है, मैं उसके बारे में मुख्य मंत्री जी से जानने का प्रयास करूंगा, बातचीत करूंगा। मेरी बातचीत हुई। मैंने उनसे पूछा कि क्या आपने अपने वक्तव्य में यह कहा कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का प्रश्न प्रदेश का प्रश्न है, इसका राष्ट्रीय एजेंडा के साथ कोई संबंध नहीं है। राष्ट्रीय एजेंडा अलग है, हमारे प्रदेश का एजेंडा अलग है। उन्होंने इसका खंडन किया। उन्होंने कहा है कि मैंने ऐसा नहीं कहा। मैंने कहा कि तो आपने क्या कहा। कहने लगे कि मैंने तो इससे उल्टा कहा था। मैने तो यह कहा था कि हम राष्ट्रीय एजेंडे से बंधे हुए हैं और राष्ट्रीय एजेंडे के अन्तर्गत जिस नीति का निर्धारण किया गया है हम उसका पालन करेंगे। इसी आशय का एक पत्र उनका आज मुझे मिला है। मैं सदन को विश्वास में लेना चाहता हूं, उसे उद्धृत करना चाहता हूं।

‘कतिपय समाचारपत्रों में अयोध्या में राम जन्मभूमि पर राम मंदिर निर्माण के बारे में मेरा तथाकथित बयान छापा गया और कहा गया है कि राम मंदिर का निर्माण उत्तर प्रदेश सरकार के एजेंडे में है। इस संबंध में यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि अयोध्या में राम जन्मभूमि पर मेरे द्वारा इस प्रकार का कोई बयान नहीं दिया गया है कि यह प्रदेश सरकार के एजेंडे में सम्मिलित है। मेरे द्वारा यह स्पष्ट किया गया था कि इस संबंध में जो एजेंडा नेशनल डैमोक्रेटिक एलाइंस द्वारा निर्धारित किया गया है तथा जिसे भारत सरकार ने स्वीकार किया है, ग्रहण किया है, वही प्रदेश सरकार का एजेंडा तथा नीति भी है।‘

अध्यक्ष महोदय, मैं समझता हूं कि इसके पश्चात विवाद समाप्त हो जाना चाहिए।